## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 25.06.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना चिल्ला क्षेत्र के ग्राम डिघवट में हुई व्यक्ति की हत्या की घटना का किया गया सफल अनावरण। बाल-अपचारी द्वारा दिनांक 22.06.2025 की रात्रि को सोते समय कुल्हाड़ी मारकर की गई थी हत्या ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज और क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजवीर सिंह गौर के निकट पर्यवेक्षण में थाना चिल्ला क्षेत्र के ग्राम डिघवट में हुई व्यक्ति की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया। गौरतलब हो कि थाना चिल्ला क्षेत्र के ग्राम डिघवट में दिनांक 22.06.2025 को एक व्यक्ति धर्मेन्द्र निषाद पुत्र कल्लू निषाद का उसके घर में शव बरामद हुआ था। जिसके सम्बन्ध में मृतक की माँ गायत्री देवी की तहरीर पर थाना चिल्ला पर अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 25.06.2025 को थाना चिल्ला पुलिस द्वारा घटना का अनावरण करते हुए घटना में शामिल बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया। जांच के क्रम में पाया गया कि बाल-अपचारी का एक बालिका से बातचीत होती थी जिसे मृतक द्वारा विरोध किया जा रहा था। इसी बात को लेकर बाल-अपचारी द्वारा रात्रि में सोते समय व्यक्ति की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई थी। बाल-अपचारी की निशादेही पर आलाकत्ल कुल्हाड़ी व खून से सने कपड़े बरामद हुए है। बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेकर मा0 किशोर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**बरामदगी-**

- आलाकत्ल 01 अदद् कुल्हाड़ी व बाल-अपचारी के घटना के समय पहने हुए खून से सने कपड़े